प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 23.03.2026 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शहीद दिवस पर स्वतंत्रता सेनानी– भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को दी श्रद्धांजलि, कहा– उनका बलिदान देशवासियों की स्मृति में सदैव रहेगा अंकित।
- झारखंड में लोकायुक्त और सूचना आयुक्त की नियुक्तियों पर हाई कोर्ट में हुई सुनवाई, सरकार ने कहा– 25 मार्च को चयन समिति की बैठक के बाद आगे की प्रक्रिया की जायेगी पूरी।
- राज्य सरकार, धार्मिक कॉरिडोर बनाकर प्रमुख मंदिरों को पर्यटन क्षेत्र के रूप में करेगी विकसित, 16वें वित्त आयोग से एक हजार 277 करोड़ रूपये की मांगी अनुदान राशि।
- जमशेदपुर में आम लोगों के लिए जल्द खुलेगा नवनिर्मित धन्वंतरी आयुष चिकित्सालय, कोल्हान क्षेत्र का सबसे बड़ा और आधुनिक वैकल्पिक चिकित्सा का बनेगा केंद्र।

********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज शहीद दिवस के अवसर पर स्वतंत्रता सेनानी– भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्र के लिए उनका बलिदान देशवासियों की स्मृति में सदैव अंकित रहेगा। उन्होंने कहा कि इन स्वतंत्रता सेनानियों के न्याय, देशभक्ति और निर्भीक प्रतिरोध के आदर्श आज भी अनगिनत भारतीयों में जोश और प्रेरणा का संचार करते हैं।

********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज दोपहर दो बजे लोकसभा में सदन को संबोधित करेंगे। श्री मोदी मिडिल–ईस्ट में जारी संघर्ष के बाद उपन्न संकट पर अपनी बात रखेंगे।

********************

झारखंड में लोकायुक्त सहित अन्य संवैधानिक पदों पर लंबित नियुक्तियों को लेकर दायर जनहित याचिका और अवमानना याचिका पर आज झारखंड उच्च न्यायालय में सुनवाई हुई। इस दौरान राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन ने अदालत को बताया कि रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया प्रगति पर है। 25 मार्च को चयन समिति की बैठक कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। मुख्य न्यायाधीश एम.एस. सोनक और न्यायमूर्ति राजेश शंकर की खंडपीठ ने महाधिवक्ता की दलीलें सुनने के बाद मामले की अगली सुनवाई एक अप्रैल को निर्धारित की।

********************

जनता दल यूनाइटेड के नेता और जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने असम चुनाव में झामुमो के चुनाव लड़ने पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में कांग्रेस के साथ सीट बंटवारे को लेकर हेमंत सोरेन का दिल्ली दौरा राजनीतिक लाभ से प्रेरित है।

गौरतलब है कि कांग्रेस के साथ सीटों पर सहमति नहीं बनने पर असम विधानसभा चुनाव में झामुमो ने 19 सीटों पर अकेले चुनाव लड़ने का निर्णय लिया है।

********************

दुमका में पेयजल संकट को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने आरोप लगाया कि गोपीकांदर प्रखंड के खड़ीबाड़ी गांव के पहाड़िया टोला में आदिवासी परिवार आज भी शुद्ध पेयजल से वंचित हैं और गंदा पानी पीने को विवष हैं। श्री मरांडी ने कहा कि चापाकल और जलमीनार वर्षों से खराब पड़े हैं, जिससे ग्रामीणों को परेशानी होती है। उन्होंने जिला प्रशासन से तत्काल मरम्मत और वैकल्पिक जल आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है।

********************

राज्य सरकार धार्मिक कॉरिडोर बनाकर प्रमुख मंदिरों को पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित करेगी। इसके लिए सरकार ने 16वें वित्त आयोग से अनुदान के तौर पर 1277 करोड़ की मांग रखी है। यह कॉरिडोर देवघर से रांची को सीधे जोड़ेगा। इससे 255 किमी की दूरी 85 किमी घटकर 170 किमी तक हो जाएगी। यह कॉरिडोर चार धार्मिक स्थल रजरप्पा, लुगुबुरु, पारसनाथ, बाबाधाम से होकर गुजरेगा। राज्य सरकार ने पर्यटन के बढ़ावा के लिए कई संरचनात्मक योजनाएं तैयार की है, जिसके लिए अलग से आंवटन की मांग की गयी है।

********************

झारखंड में नक्सलियों के खिलाफ निर्णायक अभियान शुरू हो गया है। पुलिस और सुरक्षा बलों की टीमें नक्सलियों के पूर्ण उन्मूलन के लिए छत्तीसगढ़ की सीमा तक जंगलों में अभियान चला रही हैं। नक्सलियों की सप्लाई चेन को भी पूरी तरह ध्वस्त कर दिया गया है। सशस्त्र सीमा बल 32वीं बटालियन के कमांडेंट राजेश सिंह ने कहा कि नक्सलियों के पास अब कुछ ही दिन बचे हैं। अब वे केवल आत्मसमर्पण कर अपने जीवन की रक्षा कर सकते हैं।

गौरतलब है कि गृह मंत्रालय ने झारखंड समेत देशभर से नक्सलियों के खात्मे की डेडलाइन 31 मार्च 2026 तय की है।

********************

जमशेदपुर के कदमा स्थित शास्त्रीनगर में 20 करोड़ रुपये की लागत से बना धन्वंतरी आयुष चिकित्सालय लोगों के लिए जून तक जल्द खोल दिया जाएगा। हमारे संवाददाता ने बताया कि यह चिकित्सालय पूरे कोल्हान क्षेत्र का सबसे बड़ा और आधुनिक वैकल्पिक चिकित्सा केंद्र होगा।

********************

बोकारो इस्पात संयंत्र प्रबंधन ने शहरवासियों के लिए हैप्पी स्ट्रीट पर फूड स्टॉल लगाया। इसका उद्घाटन बीएसएल के प्रभारी निदेशक प्रिय रंजन ने किया। प्रभारी निदेशक ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य नगरवासियों को एक बेहतर सामाजिक और सांस्कृतिक मंच प्रदान करना है।

********************

राज्य में चैती दुर्गा पूजा की धूम है। इस अवसर पर आज मां के पांचवें स्वरूप की पूजा अराधना की जा रही है। गिरिडीह जिले के डुमरी में चैती दुर्गा पूजा आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। भीड़ को देखते हुए गिरिडीह पुलिस प्रशासन ने अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती मंदिर प्रांगण में की है।

********************

पाकुड़ जिले में पुलिस ने हथियार के साथ दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधी सालफी शेख और साग़िर शेख मुफ्सिल थाना क्षेत्र के अंजना एवं मनीरामपुर के रहने वाले हैं। अपराधियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

********************

पश्चिमी एशिया में जारी तनाव के बीच आज शुरुआती कारोबार में घरेलू शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांकों में गिरावट आई। ताजा जानकारी मिलने तक सेंसेक्स एक हजार 452 अंक गिरकर 73 हजार 80 पर जबकि, निफ्टी 412 अंक गिरकर 22 हजार 702 पर आ गया।

********************

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 34 हजार 9 सौ रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत 2 लाख 38 हजार रूपये प्रति किलो है।

********************

मौसम विज्ञान केंद्र ने अगले तीन–चार दिनों तक तापमान में पांच से छह डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि होने की संभावना जतायी है। इसके बाद 27 मार्च से राज्य के विभिन्न हिस्सों में फिर बारिश की संभावना है।

******समाप्त*************